मोदी के विकास के मॉडल पर हो रहा मप्र में क्रियान्वयन : डॉ. यादव

उद्योगपति समाज और सरकार दोनों के सहयोगी, सरकार उन्हें देगी पूरा प्रोत्साहन, उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए प्रदेश सरकार ने दी 5 हजार 260 करोड़ की सब्सिडी राशि

भोपाल (काप्र)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उद्योगपति सरकारों और समाज के लिए सहयोगी हैं। वे लाखों परिवारों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध करवाते हैं। उद्योगपतियों के योगदान को सम्मान देने के लिए समाचार संस्थान ने इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान कर सराहनीय कार्य किया है। अवार्ड सेरेमनी में डॉ. यादव का उद्योग जगत द्वारा सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विकास के विक्रेंद्रीकृत मॉडल को अपनाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे परिणाम लाने के लिये बेहतर वातावरण निर्मित हुआ है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में उद्योगों की स्थापना और इनके माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों से राष्ट्र की प्रगति का कार्य हो रहा है। सरकारों का कार्य सिर्फ कानून व्यवस्था संभालना और बिजली, पानी की व्यवस्था करना नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों के साथ विकास और परमार्थ के कार्यों को प्रोत्साहित करना है। प्रदेश की लगभग 9 करोड़ आबादी की बेहतरी के लिए राज्य सरकार प्रोत्साहनकारी भूमिका का निर्वहन कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते साल हमने 5 हजार 260 करोड़ की उद्योग निवेश सब्सिडी राशि पूरी पारदर्शिता के साथ डीबीटी के जरिए निवेशकों के खातों में हस्तांतरित की। जीआईएस सिर्फ एक इवेंट नहीं था, बल्कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का परिचायक आयोजन भी था।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का उद्योग हितैषी नीतियों को लागू करने उद्योग जगत की ओर से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग राघवेन्द्र कुमार सिंह और आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीओओ सुमित मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का नेतृत्व ऐसा है जो असंभव कार्यों को संभव बनाता है। प्रदेश में ईज ऑफ डूईंग बिजनेस और व्यवस्थाओं में पारदर्शिता लागू कर उद्योगपतियों को आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में सहयोगी बनाया गया है।

मुख्यमंत्री ने भारतीय स्टेट बैंक के चीफ जनरल मैनेजर चंद्रशेखर शर्मा को सम्मानित करने के अलावा जिन उद्योगपतियों को इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किए उनमें एचईजी के एगजीक्यूटिव डायरेक्टर श्री मनीष गुलाटी, आयनेक्स के अनिल खेमसारा, दावत राइस के राजेंद्र, प्रिज्म सीमेंट के राजेंद्र संचेती, बालाजी पैकेजिंग ग्रुप के विकास मूंदड़ा, महाकौशल शुगर एंड पॉवर इंडस्ट्री के नवाब राजा, उदीप सोशल वेलफेयर ग्रुप की सुश्री पूनम श्रोती, गोयल पैंट के श्याम वैभव गोयल, आईसीसी इंफ्रा के आरिफ जाफरा मंसूरी, आनंदन इंडस्ट्री के अशोक आनंद, एमके इंडस्ट्रीज के मनोज जैन, समरकूल इलेक्ट्रिकल्स एंड होम अप्लायंस के आशुतोष तनुज गुप्ता, आरआरजी इलेक्ट्रिकल के रंगाराव, भंवरदीप कॉपर के आदित्य आकाश बाफना, जेके स्टोन के जितेन्द्र जैन, सुश्री आभा जैन, बालाजी कार्पोरेशन के त्रिलोकी अग्रवाल, स्कायलार्क प्रोटीन्स के जितेंद्र, नरेंद्र ट्रेडिंग कंपनी के प्रमोद वर्मा, अलीशा फूड्स लिमिटेड के एहसान, तिरूपति इंफ्रा के दिलीप परयानी, ओटा इलेक्ट्रिकल सर्जिकल इक्विपमेंट के भूपेंद्र, संजय प्रसाद अग्रवाल, पुनीत खुराना, संदीप पाटीदार, सुनील लड्ढा, विशाल अनिल जोशी, मनीष शाह शामिल हैं।

गेहूँ उपार्जन के लिए किसान अब 9 तक करा सकते हैं पंजीयनः राजपूत

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों के हित में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में पंजीयन की अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई थी। श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं करवाया है, वे 9 अप्रैल तक गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन जरूर करायें। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गेहूँ उपार्जन के लिये 31 मार्च तक 15 लाख 9 हजार 324 किसान पंजीयन करा चुके हैं। गेहूँ का उपार्जन भी जारी है।

संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

भोपाल (काप्र)।

कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारियों ने पूर्व में अनिश्चित कालीन हड़ताल परिवार बच्चों सहित कुक्कुट विकास निगम के मुख्यालय के सामने मध्यप्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर के नेतृत्व में की थी,जिसके बाद कुक्कुट विकास निगम के प्रबंधन ने लिखित में आश्वासन दिया था कि हम 7 दिवस में 22 जूलाई 2023 की संविदा नीति के आदेश कर देंगे।

लेकिन 3 महीने के इंतजार के बाद भी कुकुट विकास निगम के प्रबंधन ने आदेश जारी नहीं किए जिसके कारण कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारी आज फिर से सड़को पर उतर आए और कुक्कुट विकास निगम मुख्यालय के सामने हड़ताल प्रदर्शन और नारेबाजी की।

गौरतलब है कि कुक्कुट विकास निगम में संविदा नीति लागू किए जाने के लिए समान्य प्रशासन विभाग भी अपना अभिमत दे चुका है कि 22 जुलाई 2023 की संविदा की कंडिका क्रमांक 3.1 से 3.5 के अनुसार कार्यवाही कर सकता है। संचालक मंडल की बैठक के निर्णय के बाबजूद और समान्य प्रशासन के अभिमत के बावजूद अभी तक आदेश जारी नहीं हो सके । जिसके कारण कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारी 3 महीने बाद मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रमेश राठौर के नेतृत्व में फिर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठ गए है। बुधवार को राज्य पशु एवं कुक्कुट विकास निगम पर कर्मचारियों ने अपने वेतनमान लागू करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। जब मांगों पर कोई सुनवाई नहीं हुई, तो कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया।

वन विहार में वन्य प्राणियों को गर्मी और लू से बचाने बढ़ाई सतर्कता

भोपाल(काप्र)। प्रदेश में बढ़ते तापमान को देखते हुए वैसे तो जंगलों से लेकर तमाम वन्यजीव अभयारणों में पानी की व्यवस्था की जा रही है। भोपाल के वन विहार में वन्य-प्राणियों को गर्मी से राहत पहुंचाने के हाउसिंग में कूलर, खस की टेटीस और गहरे रंग के मोटे पर्दे लगाए जा रहे हैं। हाउसिंग की साफ-सफाई के विशेष इंतजाम किए गए हैं। शाकाहारी वन्य प्राणियों के लिए भी हरे चारे की व्यवस्था की जा रही है। उद्यान में शेड निर्माण के साथ वाटरहोल में लगातार पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। वन्य प्राणी चिकित्सक और स्टॉफ वन्य प्राणियों के स्वास्थ्य और डाईट का ख्याल रख रहा है। वहीं इंदौर प्राणी संग्रहालय में जानवरों के लिए गर्मी से राहत के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। यहां पर प्रबंधन ने गर्मी से राहत के लिए के लिए शेर के बाड़े में स्विमिंग पूल बनाया है, जबकि भालुओं के बाड़े में कूलर की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, अन्य प्राणियों को भी गर्मी से राहत देने के लिए भी कइ तरह के कदम उठाए जा रहे हैं।

राम जन्म उत्सव पर सुंदरकांड पाठ

भोपाल (काप्र)।

आज विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल जिला वीर सावरकर के शंकराचार्य प्रखंड में राम जन्म उत्सव कार्यक्रम के तृतीय दिवस पर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया एवं भोपाल रेलवे स्टेशन पर आदरणीय प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह जी भाई साहब ने निशुल्क पेयजल सेवा का उदघाटन किया, इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह जी, विभाग मंत्री जीवन शर्मा जी, विभाग सह मंत्री हरिओम शर्मा जी, जिला मंत्री नितिन साहू,जिला प्रचार प्रसार प्रमुख विजेंद्र सिंह परिहार, प्रखंड अध्यक्ष सबरजीत सिंह जी, प्रखंड मंत्री नरेंद्र विश्वकर्मा, प्रखंड संयोजक मनीष सैनी, प्रखंड प्रचार प्रसार प्रमुख संजय धार्मिक, प्रखंड सह बल उपासना प्रमुख पुनित मिश्रा, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख अमन सैनी, प्रखंड सत्संग प्रमुख प्रहलाद धाकड़, प्रखंड से दीपक नाथ, समाजिक कार्यकर्ता चिंटू राय, सोनू ठाकुर, मोनू ठाकुर एवं सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

श्रीदुर्गा सेवा समिति हमीदिया रोड का शिखर कलशारोहण कल से

भोपाल। प्राचीन भोपाल के मुख्य मार्ग हमीदिया रोड पर स्थित ऐतिहासिक माँ दुर्गा मंदिर पर शिखर कलशारोहण समारोह शुक्रवार एवं शनिवार को होगा । आयोजक दुर्गा सेवा समिति के अध्यक्ष राजा भैया. सचिव राजेन्द्र सैनी, कोषाध्यक्ष बृजेश तिवारी, सदस्य देवेन्द्र के अनुसार समारोह का आयोजन पूरन चौरसिया. विष्णु राठौर, शैलेन्द्र कपूर, बबलू शर्मा, धमेन्द्र चौरसिया के विशेष सहयोग से किया जा रहा है । मुख्य पुजारी पं. अशोक तिवारी व अन्य पूजन करायेंगे।

शुक्रवार 04 अप्रैल 25 को कलश यात्रा दुर्गा मंदिर सिंधी कॉलोनी से प्रारंभ होकर शीतला माता मंदिर काली मंदिर पुट्ठामील से हमीदिया रोड दुर्गा मंदिर पहुँचेगी। शनिवार 5 अप्रैल को विधि-विधान से प्रातः 9 बजे हवन, कलशारोहण तथा दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

521 मीटर लंबी विशाल चुनरी यात्रा

आजः जय माँ भवानी सेवा समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि के अवसर पर 521 मीटर लंबी विशाल चुनरी यात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन लगातार 9वें वर्ष हो रहा है।

पेज एक से जारी खबरों के शेष...

नक्सल विरोधी अभियान....

जा रहा है। मुठभेड़ में एसीएम ममता निवासी-मुरकुडी, थाना-कोरची, जिला-गढचिरोली, महाराष्ट्र, धारित हथियार-सिंगल शॉट रायफल और एसीएम प्रमिला निवासी पालीगुढेम, थाना-चिंतलनार, जिला-सुकमा, छत्तीसगढ, धारित हथियार एसएलआर रायफल को मारा गया। मृत नक्सलियों पर 28 लाख का ईनाम घोषित था। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधिकारियों के इस सराहनीय कार्य एवं सफलता पर बधाई दी है।

मध्यप्रदेश को अतिवाद मुक्त ....

हैं। मध्यप्रदेश की पावन धरा में नक्सलियों के लिए कोई स्थान नहीं है। हमारा यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि बीते एक साल में मध्यप्रदेश में 10 से ज्यादा नक्सलवादी मारे जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश की एक और घटना का जिक्र किया है। उन्होंने बताया कि रतलाम जिले में स्पेशल पुलिस फोर्स द्वारा फिरोज नामक एक वांछित आतंकी की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर रही है।

वोट बैंक के लिए भ्रम .....

वक्फ बोर्ड में चल रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए है। अगर 2013 में संशोधन लाया गया होता, तो मैं कह सकता हूं कि आपको विधेयक लाने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड धार्मिक संस्था नहीं बल्कि प्रशासनिक संस्था है। 2014 के नतीजों से डरकर उन्होंने ये संशोधन नहीं लाए, बल्कि इसे अतिवादी बना दिया। शाह ने सवाल किया कि गैर-मुस्लिम सदस्य कहां शामिल होंगे? काउंसिल और वक्फ बोर्ड में। वे क्या करेंगे? वे कोई धार्मिक गतिविधि नहीं चलाएंगे। वे केवल वक्फ कानून के तहत किसी व्यक्ति द्वारा दान की गई संपत्ति के प्रशासन की देखभाल करेंगे, चाहे वह कानून के अनुसार हो रहा हो, चाहे संपत्ति का उपयोग उस उद्देश्य के लिए किया जा रहा हो जिसके लिए उसे दान किया गया था। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 2014 के चुनावों से ठीक पहले नई दिल्ली में 123 वीआईपी संपत्तियां वक्फ बोर्ड को दान कर दी थीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन करके रेलवे की जमीन भी वक्फ को दान कर दी थी। उन्होंने कहा कि वक्फ परिषद और बोर्डों का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का शोषण करने वालों को पकड़ना होगा।

उत्तरी पूर्वी राज्यों को पहला ....

है। उन्होंने कहा कि उत्तरी पूर्वी राज्यों में 19 रेलवे प्रोजेक्ट 80 हजार करोड की लागत से चलाये जा रहे हैं। इन राज्यों के 4500 गांव को 4जी नेटवर्क से जोड़ने का काम किया किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां 65 साल में इन राज्यों में दस हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया गया जबकि पिछले दस साल मोदी सरकार ने 5500 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जहां देश में जीडीपी का ग्रोथ दर सात प्रतिशत है वहीं आपको जानकर आश्चर्य होगा कि आठ पूर्वोत्तर राज्यों में जीडीपी ग्रोथ दर बारह प्रतिशत है।

देश में बाबा साहेब का संविधान ...

का आभार जताया। और कहा कि अब वक्फ को बदलने का समय आ गया है क्योंकि यह अत्याचार और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत को वक्फ के खौफ से आजादी चाहिए। अनुराग ठाकुर ने पूर्ववर्ती सरकार पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के समय में जो वक्फ बोर्ड बना, उसका तात्पर्य था खाता न बही, जो वक्फ कहे वही सही, यानी यदि वक्फ बोर्ड ने कह दिया कि यह जमीन उसकी है, तो वह जमीन उनकी हो जाती थी। वक्फ की जिम्मेदारी नहीं थी कि वह यह बताए कि यह जमीन उनकी कैसे हो गई। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिनकी जमीन जाती थी, वे जिंदगी भर अपनी जमीन को पाने के लिए दर-दर भटकते रहते थे।अनुराग ठाकुर ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पूरे देश में भ्रम फैलाया है और यह भ्रम फैलाने का कार्य जारी रखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक लाल किताब लेकर चलती है, जिसे वह संविधान कहती है, लेकिन वह संविधान नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि अगर आप संविधान को ध्यान से देखें, तो यह स्पष्ट होगा कि बाबा साहेब आंबेडकर का सपना था कि एक देश में एक ही संविधान रहेगा, लेकिन कांग्रेस ने एक देश में दो विधान बनाने का काम किया है। अब यह जनता के ऊपर है कि वह संविधान के साथ रहना चाहती है या वक्फ के साथ। भाजपा नेता ने कहा कि वह उन लोगों को जवाब देना चाहते हैं जिन्होंने पहले बड़े-बड़े बयान दिए थे।

यूजीसी के मसौदा ....

दिया गया है । और कोई भी इसके लिए सुझाव दे सकता है। श्री प्रधान ने कुलपति के चयन से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद से इस पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया है। हर बार जब राज्य न्यायालय गए हैं, तो उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि यूजीसी के सुझाव ही किसी भी मामले में मान्य होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र के बीच समन्वय है। उन्होंने गैर-शैक्षणिक व्यक्ति को कुलपति नियुक्त किए जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश और प्रौद्योगिकी को देखते हुए, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को शैक्षणिक संस्थानों का नेतृत्व करना चाहिए।

यादगार कार्यक्रम के साथ संतनगर में चेटीचंड महोत्सव का समापन

भोपाल (हिनप्र)। सामाजिक संस्था सिंधु नव जागरण समिति व सहयोगी संस्था स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला ट्रस्ट सिंधु जाग्रति सेवा समिति द्वारा चैतीचांद के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या में विकास एण्ड प्रिया म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रियंका केसवानी (मुम्बई), प्रिया ज्ञानचंदानी (नागपुर) व विकास उदासी (रीवा) ने दी रंगारंग प्रस्तुति।

साधु वासवानी स्कूल ग्राउण्ड पर सिंधी सांस्कृतिक संध्या के साथ साथ सिंधी मेले का भी आयोजन किया गया था, जिसमें सिंधी व्यंजन के स्टाल, साउथ इंडियन के स्टाल व बच्चों के लिए झूले लगाए गए थे। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा, अध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी व विशेष अतिथि पार्षद राजेश हिंगोरानी, पार्षद अशोक मारण, कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी, भाजपा नेता राम बसंल ने परंपरागत तरीके से कार्यक्रम की शुरूआत की।

विधायक शर्मा ने कहा कि विगत 7 दिनों से सिंधी समाज का पर्व चेतीचांद बडी धूमधाम से मनाया जा रहा है। संतनगर के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध हैं। शीघ्र ही दो फ्लाई ओवर की सौगात संतनगर को मिलेगी। सीवेज लाइन का भी कार्य शुरु होने वाला है। इसके बाद संतनगर की सड़कों का डामरीकरण होगा। कार्यक्रम में भगवान झूलेलालजी के गीतों पर अतिथि भी थिरके।

कलाकार विकास उदासी, प्रिया ज्ञानचंदानी व प्रियंका केसवानी ने सिंधी गीत पैसो आ पैसो आ पैसो आ, हथ मथे करें व लाल मुंहिजी पत पर अपनी प्रस्तुति दी। कशिश डांस ग्रुप द्वारा सिंधी गीतों पर डांस पेश की गयी। नेन्सी भावनानी ने एकंरिग का संचालन किया। अतिथियों का स्वागत समिति अध्यक्ष राम पारदासानी, नरेश चोटरानी, रमेश वाधवानी, सुरेश चोटरानी, घनश्याम लालवानी, आसनदास वाधवानी, दयाल सतानी, महेश खटवानी, हरीश वलेचा, मुरली गुरबानी, मनोहर सतानी, अनिल टेकचंदानी, दिलीप दीनानी, कमलेश छुगानी, कन्हैया नागदेव ने किया। कार्यक्रम का संचालन माधु चांदवानी व आभार रमेश वाधवानी ने प्रकट किया। अंत में 2500 लोगो ने आम भंडारा प्रसादी के रुप में किया।

सिंधी उत्सव का 28 वां साल सिंधियत का बिखरेगा रंग

भोपाल (हिनप्र)।

सिन्धी मेला समिति द्वारा 12 एवं 13 अप्रैल को लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में दो दिवसीय पारिवारिक सिन्धी मेले का आयोजन किया जाएगा। यह समिति के आयोजन का 28वां वर्ष है। आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक आहूत की गई।

समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी व महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि बैठक में आयोजन को लेकर जिम्मेदारियां का बंटवारा किया। इस वर्ष मेले में तारक मेहता उल्टा चश्मा के फेम टप्पू सेना गोली, गोगी एवं टप्पू को नजर आएगी। साथ ही हिंदुस्तान में अपनी कला के दम पर अपनी अलग पहचान बना चुकी देसी लेडी गागा (पिंकी मैदासानी, पिकॉक) को भी सुनने का मौका मिलेगा। सिम्फ़ोनी बैंड (शुभम नाथानी) की प्रस्तुति खास होगी।

इस वर्ष यह पारिवारिक मेला सिन्धी सभ्यता सुहिणी सभ्यता का प्रतीत होगा, जिसमें सिन्धियत के अनेक रंगो को दर्शाया जायेगा।इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलो के साथ साथ ऊठ और घोड़ों की सवारी, सिन्धी फन क्विज, म्यूजिकल चेयर रेस और छेज (सिन्धी डांडिया) की भी विशेष प्रस्तुति होगी।साथ ही विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, की मेरे पक्षकार ने एक किता सिंचित (अव्यपर्तित) अविकसित कृषि भूमि जो खसरा क्रमांक 2/1(S) रकबा 2.1040 हैक्टयर अर्थात् 5.19 एकड़/ डेसीमल भूमि जो कि स्थित ग्राम बालमपुर पटवारी हल्का नम्बर 32 विकास खण्ड फन्दा तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. में नगर निगम सीमा के बाहर, मुख्य मार्ग से अन्दर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है। जिसकी चतुर्थ सीमाएं इस प्रकार से है- दिशा पूरब में- बदर आलम एवं शेरू मिया की कृषि भूमि । दिशा पश्चिम में- प्रदीप दास बैरागी की कृषि भूमि। दिशा उत्तर में- संतोष दास बैरागी की कृषि भूमि। दिशा दक्षिण में- कच्चा रास्ता। जो विक्रेता- श्री संजय दास आत्मज श्री कन्हैया दास आयु वयस्क निवासी- मकान नम्बर 7 विदिशा रोड ग्राम गढमुर्रा सिकंदरी सराय तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की उपरोक्त कृषि भूमि का अनुबंध मेरे पक्षकार ने कर लिया है और शीघ्र ही मेरा पक्षकार उक्त भूमि पर कार्य प्रारंभ कर रजिस्ट्री कराने जा रहा है। यह कि उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी व्यक्ति की कोई लेनदारी, सरकारी, गैर सरकारी, बैंक, वित्तीय, कहीं बंधक या कर्ज में लिप्त हो तो इस प्रकाशन के सात दिवस में आपत्ति दर्ज करा सकते है अर्थात् मेरे कार्यालय में मय सबूत के दर्ज करावे, अन्यथा मेरा पक्षकार रजिस्ट्री करालेगा, बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

VIVEK YADAV (Advocate)
Office:38, Sai Bhawan Brij Colony Behind Hanuman Mandir, Karond Chouraha Berasiya Road Bhopal M.P.
Mobile No.: 9893283696

In The Court Of XI Civil Judge Class-II, District Court, Bhopal
Presiding Officer: **सुश्री एकता ठाकुर**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS B/0000166/2019)

केनरा बैंक द्वारा दीपक श्रीवास्तव पिता एम.एस. श्रीवास्तव.. **वादी VS** सुरमन सिंह मीना... **प्रतिवादी**

Process ID/2025 **पेशी दि.: 10/05/2025**

प्रेषिती-1. सुरमन सिंह मीना पिता हरिनारायण मीना पता-मकान नंबर-11 आर.के. इन्क्लेव बागमुगालिया तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.। **यह कि प्रार्थी** केनरा बैंक द्वारा दीपक श्रीवास्तव पिता एम.एस. श्रीवास्तव ने आपके विरूद्ध वाद वास्ते वसूली हेतु। के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजाता/हाजिर होने लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 29 March 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

एकता ठाकुर-न्यायाधीश, ग्यारहवें व्यवहार न्यायाधीश, जिला- न्यायालय भोपाल म.प्र.

भाजपा गुरूनानक मंडल की बैठक संपन्न

भोपाल (हिनप्र)।

भाजपा 6 अप्रैल से अपना स्थापना दिवस मनाएगी, जो 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम के बीच मनाया जाएगा। आयोजनों में पार्टी का ध्वजारोहण, पदयात्रा, स्वच्छता अभियान, चौपाल आदि कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

बुधवार को भाजपा गुरुनानक मण्डल की बैठक मे भोपाल संगठन प्रभारी महेंद्र यादव ने कहा कि छह अप्रैल से भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। भाजपा गुरुनानक मण्डल में भाजपा समर्थित लोगों के घर में भाजपा का झंडा लहराना चाहिए।भाजपा स्थापना दिवस 6 से 14 अप्रैल तक चलेगा। कार्यक्रम के तहत 6 अप्रैल को कार्यकर्ताओं के घरों ध्वजारोहण किया जाएगा और कार्यकर्ताओं की ओर से पदयात्रा निकाली जाएगी। 6 और 7 अप्रैल को सभी बूथ पर प्राथमिक सदस्य एकत्रित होकर स्थापना दिवस मनाएंगे, इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा मंडल के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 7 से 12 अप्रैल तक निर्वाचित प्रतिनिधि गांव चलो अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ता तीन दिन तक प्रतिदिन 8 घंटे गांवों और बस्ती में सेवा कार्यों में सहभागिता करेंगे।

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना क्रं.: डबल्यूसीआर /सीआरडबल्यूएस/बीपीएल/ईएल/टी /2025/02, दिनांकः 17.03.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु विद्युत लाइसेन्स धारी प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** स.डि.पु.का., भोपाल के लेखा विभाग एवं स्टाफ केंटीन मे संस्थापित सेन्ट्रलाईज एयर कूलिंग सिस्टम के वन टाईम रिपेयर के संबंध में।, **कार्य की लागतः** रू. 272049.00, **निविदा फार्म का मूल्यः** 0.00, **धरोहर राशिः** 5500.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 10 दिन, **निविदा जमा करने की तिथिः** 15.04.2025, 15:00 बजे तक, **निविदा खुलने की तिथिः** 15.04.2025, 15:15 बजे के उपरांत। निविदा फार्म व निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना मुख्य कारख़ाना प्रबंधक विद्युत शाखा के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

कृते मुख्य कारख़ाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारख़ाना पश्चिम मध्य रेल, निशातपुरा, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर